Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 24-03-2023 | अंक 521

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### बरही : रामनवमी व नवरात्रा को ले महासमिति ने चलाया स्वच्छता अभियान




**अपेम लाइव : बरही**

बरही रामनवमी व नवरात्रा को लेकर बरही रामनवमी महासमिति के सदस्यों ने शुक्रवार को स्वच्छता अभियान चलाई। इस क्रम में बरही चौक सहित बरही के सभी मुख्य मार्गों में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान का नेतृत्व महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं बरही थाना प्रभारी ललित कुमार ने किया। रामनवमी महासमिति अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया की चार दिवसीय चौती छठ 25 मार्च से नहाय खाय के साथ प्रारंभ हो रही है। वैसे में सड़कों की साफ सफाई रखना सभी दायित्व है। स्वच्छता में भगवान बसते है। मौके सचिन यादव सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### बड़कागांव पुलिस ने 3 टन अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर किया जप्त,मामला दर्ज



**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**

बड़कागांव पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर अवैध कोयला लदा ज०न डियर हरा रंग का ट्रैक्टर डाला लाल रंग में अवैध कच्चा कोयला लदा को जप्त किया गया।मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी बिनोद तिर्की ने बताया कि कांडतरी के मुख्य सड़क होते हुए जा रहा था।जिसे गस्ती कर रहे पुलिस के द्वारा पकड़ा गया। वहीं अंधेरे का लाभ उठाकर वाहन चालक भाग गया।मामले को लेकर बड़कागांव थाना कांड संख्या 105 /23 धारा 414 , 34 आईपीसी 30 (सस) कोल माइन्स एक्ट 33 के तहत बड़कागांव थाने में ट्रैक्टर वाहन के चेचिस नंबर एवं इंजन नंबर के आधार पर मालिक आदि पर मामला दर्ज कर लिया गया है। छापामारी दल में मुख्य रूप से बड़कागांव संजय कुमार स.अ.नि. सशस्त्र बल के हवलदार राजदीप सिंह, गणेश साव , संजय कुमार पासवान एवं वासुदेव महतो शामिल थे।

### फोटो क्लिक : मो जमाल उर्फ जेडी



अदभुत चांद का दर्शन

## झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ ने अनुमंडल स्तरीय सम्मेलन का किया आयोजन, हजारों की संख्या में पहुंचे लोग












**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही गया रोड में स्थित ओवरब्रिज के नजदीक शुक्रवार को झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ का अनुमंडल स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका संचालन चौपरान प्रखंड अध्यक्ष रामवतार प्रजापति एवं संतोष प्रजापति ने किया। वहीं इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शाहगंज के संत मैरी स्कूल के निदेशक अविनाश कुमार एवं भागीदारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रजा. पति शामिल हुए। सभी अतिथियों को फूलमाला एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम सभा स्थल से लेकर बरही चौक तक शोभायात्रा निक. ला गया। तत्पश्चात सम्मा. नित अतिथियों के द्वारा राजा दक्ष प्रजापति एवं आदे माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में बरही अनुमंडल के सभी प्रखंड से हजारों की संख्या में लोग जुटे थे। इस दौरान समाज के छोटे बच्चियों द्वारा सांस्कृ तिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी विधवा महिलाओं महिला एवं विकलांगों को शॉल और फूल माला ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रजापति महासंघ के जिले के पदाधिकारी बरही एवं चौपारण प्रखंड के प्रखंड के पदाधिकारी गण सभी ग्राम कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित हुए। जिसमे बरही प्रखंड के अध्यक्ष कमलशंकर पंडित, सचिव रानी प्रजापति कोषाध्यक्ष अजय प्रजापति, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष रामअवतार प्रजापति, सचिव रामसुंदर प्रजापति, राहुल प्रजापति, संतोष प्रजापति, धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, अरुण प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, अजय प्रजापति, भोला प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, मनोज प्रजापति, सुरेंद्र प्रजापति एवं दीनू प्रजापति सहित हजारों अन्य महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मनाया गया विश्व यक्ष्मा दिवस, 90 मरीजों के बीच पौष्टिक आहार का किया गया वितरण







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में टीबी उन्मूलन को लेकर जनभागीदारी अभियान के तहत नि-क्षय मित्रों ने पोषाहर उपलब्ध कराया। इस संदर्भ में अनुमंडलीय अस्पताल में शुक्रवार को एक कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डीएस प्रकाश ज्ञानी के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत टीबी उन्मूलन को लेकर लोगों को शपथ दिलाया। उन्होंने टीबी रोगियों को सामुदायिक सहायता प्रदान करने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए लोगों में टीबी के प्रति जागरूकता पैदा करनी होगी। उन्होंने कहा कि इसका उपचार प्रभावी और सुलभ है और सरकार इस बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए मुफ्त सेवा मुहैया कराती है। साथ ही 13 निक्षय मित्रों के द्वारा 90 टीबी से ग्रसित मरीजों के बीच पौष्टिक आहार का वितरण किया गया और सभी निक्षय मित्रो को डॉप्रकाश ज्ञानी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही टीबी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 7 स्वास्थ्यकर्मियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए स्वास्थकर्मियो में बिजेंद्र कुमार, रविशंकर कुमार, विष्णु कुमार महतो, प्रिया सरोज एवं सहिया साथियों में निशी कुमारी, यशोदा देवी एवं किरण देवी शामिल है। साथ ही सम्मानित किए गए निक्षय मित्रो में डॉ प्रकाश ज्ञानी, अपेम वेलफेयर फाउंडेशन, नीलम देवी, शकुंतला शरण ट्रस्ट मेमोरियल, डॉ मनितोष कुमार, सद्भावना विकास मंच, अनिल मेहता, कृष्णा कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, शकुंतला देवी, नरेश गुप्ता, यास्मीन तबस्सुम, राजेंद्र प्रसाद एवं मैन्युफैक्चर एसोसिएशन शामिल है। वहीं मौके पर विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुनील साहू, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, अपेम वेलफेयर फाउंडेशन से मुकेश मधेशिया, डॉ मृत्युंजय कुमार, डॉप्रवीण कुमार, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, शकुंतला मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष संगीता चौधरी, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, राजेंद्र प्रसाद, महेंद्र प्रसाद दुबे, प्रधान लिपिक पंकज कुमार, बीपीएम नारायण राम सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

## वृंदा में अवैध महुवा शराब भट्ठियों को लगातार दूसरे दिन किया गया ध्वस्त







**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

अवैध महुवा शराब तस्करों के विरूद्ध चौपारण पुलिस ने कसा शिकंजा। अभियान चलाकर लगातर दो दिनों तक रामपुर पंचायत के वृंदा में अवैध रूप से संचालित भठ्ठियों व महुवा, जावा, ड्रम को नष्ट किया गया। छापेमारी दल नेतृत्व कर रहे थाना प्रभारी शम्भू नंद ईश्वर ने बताया कि वरीय पदाधिकारियों के द्वारा सूचना मिल रहा था कि रामपुर पंचायत के वृंदा में कई अवैध रूप से महुवा शराब की भठ्ठी संचालित है। पुलिस बल के साथ पदाधिकारी नियुक्त कर लगातार दो दिनों तक छापेमारी अभियान चलाकर दर्जनों भठ्ठियों को नष्ट किया गया। अवैध महुवा शराब निर्माण में लगे मजदूर व तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। तस्करों को चिन्हित कर कानूनी कार्यवाई किया जाएगा। कहा रामनवमी पूजा में शराब पर पूर्णरूप से पाबंदी रहेगी।कोई भी शराब बेचते पकड़ा गया तो उसे केस कर जेल भेजा जाएगा। मालूम हो कि चौपारण प्रखण्ड के भगहर व वृंदा आदि जगह महुवा शराब बनाने का केंद्र बिंदु है। कार्यवाई के बावजूद भी शराब तस्करी पर रोक लगाने में उत्पाद विभाग व पुलिस फेल है।

## डिवाइन स्कूल में विश्व यक्ष्मा दिवस पर टी.बी. उन्मूलन जागरूकता अभियान






**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरकट्ठा स्वास्थ्य केंद्र के विवेक कुमार, रंजीत कुमार और विद्यालय प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने की। प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि आप सभी को टी.बी. उन्मूलन के लिए अपने गांव, घर, मुहल्ले में बचाव और इलाज की जानकारी का प्रचार प्रसार करना चाहिए जिससे लोग जागरूक हो सकें। स्वास्थ्य केंद्र के प्रतिनिधि के रूप में आये विवेक कुमार ने बताया कि यक्ष्मा एक संक्रामक रोग है जो बैक्टीरिया द्वारा फैलता है। जब कोई स्वस्थ व्यक्ति किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आता है तो उसे भी यह बीमारी हो सकती है। उन्होंने बच्चों को उसके निवारण और उससे बचाव के उपायों को बताया। जब किसी को दो सप्ताह तक खांसी बुखार आए तो उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराना चाहिए। वहां सभी दवाएं मुफ्त में उपल. ब्ध है साथ ही मरीज को पोषण आहार के लिए प्रति माह 500 रुपए भी मिलता है। विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स टी.बी. उन्मूलन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किए। वे सभी रु टी.बी.हारेगा ,देश जीतेगा , हां!हम टी.बी.को हरा सकते हैं आदि नारों के साथ मार्च पास्ट किए। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने यक्ष्मा उन्मूलन के लिए शपथ ली। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने कहा कि हमें टी.बी. को हराने के दृढ़ संकल्पित होना होगा तभी टी.बी.हारेगा देश जीतेगा। कार्यक्रम में कपका पंचायत मुखिया कमल किशोर, प्रीति प्रभा, संगीता यादव, काशीनाथ महतो, राना तेजस्वी, राजीव मोदी, शबनम खातुन ,सुलेखा मोदी, राधा कुमारी पुनम कुमारी, अनिल उपाध्याय,सी. वेलू सहित विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## धनवार रामनवमी महासमिति का हुआ कमेटी का विस्तार

### अध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव एवं सचिव बने प्रकाश साव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बड़ी प्रखंड अंतर्गत धनवार के सुप्रसिद्ध शिव मंदिर धनवार के प्रांगण में सुबह 8:00 बजे शुक्रवार को रामनवमी को लेकर बैठक आयोजित की गई।नवनियुक्त रामनवमी महासमिति अध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव के नेतृत्व में कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत हुए।सचिव प्रकाश साव का चयन किया गया। सदस्य कृष्णा केसरी,छत. रधारी साव, संजय केसरी, रामसहाय यादव, राजेश ठाकुर, उमेश यादव,अशोक सिंह, मनोज यादव, सकलदेव यादव, टुक लाल राणा,विजय साव, महादेव यादव, मनोज कुशवाहा, जागेश्वर साव, शंकर केसरी, मनोज केसरी, का चयन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव ने अपने संबोधन में कहा कि इस बार की रामनवमी सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की तरह हम सभी राम भक्तों को मर्यादित होकर भव्य तरीके से राम जन्म उत्सव मनाएंगे। उन्होंने धनवार वासियों को रामनवमी पर विधि व्यवस्था बनाने में महासमिति व जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया। मौके पर महादेव यादव,प्रकाश साव शिव शंकर महतो,मनोज कुमार यादव, मनोज कुमार कुशवाहा, सकलदेव यादव, कृष्णा केसरी, राजेश प्रसाद केसरी, विजय प्रसाद केसरी,अर्जुन साव,सहित कई राम भक्त मौजूद थे।

## रमजान के पाक महीने में करें इबादत, देश के अमनो शांति के लिए करें दुआ : अज़हरुद्दीन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रमजान का चाँद देखने के बाद सभी मुस्लिम समुदाय में खुशी की एक अलग लहर है। सभी भाई एक दूसरे को रमजान की चाँद मुबारकबाद पेश किए। रमज़ान के चाँद देखने के बाद सभी छोटे–बड़े, नोजवान–बूढ़े रोजना रखने औऱ खुदा के बारगाह में सजदे कर अपने गुनाहों का मगफिरत के लिए काफी बेचौन हैं। समुदाय के सभी लोग इस माह में हर छोटी बड़ी गलतियों से परहेज करते हैं। बरही के मलकोको पंचायत के अज़हरुद्दीन बताते हैं कि इस माह मे तमाम मुसलमान मर्द अवरत रोज़े का इहतामाम करते हैं । रब ताला की रिजा के लिए । रोज़ा कहते हैं रु सुब्हे सादिक से लेकर सूरज के डूबने तक अल्लाह की खुशनोदी के लिए । खुद को खाने पीने से और जिमा से रोके रखने को रोज़ा कहते हैं । इस माहे रमजानुल मुबारक मे तमाम मुसलमानों को चहिए को ज़ियाद से ज़ियाद अपने रब और रसूल सल्लाहू अलेहिस्लाम को खुश करने मे हो। और इस माह मे मुसलमान मर्द और औरत पर जो मलीके निसाब होते हैं उन लोगों पर ज़कात और फितरा देना ज़रूरी होता है । ज़कात ये फकीर मिस्किन को दिजाती है। हमारा इस्लाम इस से दूसरों को मदद करने की आदेश देता । और हमारे पैगम्बर हज़रत मुस्तफ़ा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम फरमाते हैं एक मुसलमान भाई को चाहिए ओ अपने दोसरे मु. स्लमान भाई रोज़ा दार को इफ्तार कराए। यानी उसे खाना खिलाइए ये उस के लिए भलाई है दुनिया वा अखिरत में तो हमें चहिए के ज़िताद से ज़ियाद फ़कीर मिस्कों की मदद करें। उन्होंने यह भी बताया कि इस पाक महीने में सभी देशवासियों को एक दूसरे भाइयों के साथ मिलजुलकर रहें। सभी धर्म के भाइयों के साथ प्रेम पूर्वक रहकर देश की उन्नति के लिए दुआ करें।






दिनांक: 24-03-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## जिला स्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता, सर्वश्रेष्ठ पाँच में चौपारण प्रखण्ड का चयन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



डायट हजारीबाग में आयोजित जिला स्तरीय टीएमसी प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। प्रखण्डवार 8 – 8 चयनित शिक्षकों ने अपने अपने प्रखण्डो का प्रतिनिधित्व कर अपना अपना टीएलएम बनाया। लगभग 100 से ज्यादा शिक्षकों के बीच हुए प्रतिस्पर्धा में चौपारण प्रखण्ड अंतर्गत मध्य विद्यालय रामपुर के शिक्षक विजय कुमार ने जिले में पांचवा स्थान हाशिल कर प्रखण्ड का नाम रौशन किया। जिले में चौपारण प्रखण्ड ओभर ऑल टॉप फाइव में स्थान बनाने में सफल रहा। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधीक्षक हजारीबाग द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक प्रकाश कुमार यादव ने किया। निर्णायक के रूप में सेवा निवृत्त राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित शिक्षक डॉ बालेश्वर राम, डॉ मनोज सिंह, संत कुमार यादव, उपेंद्र कुमार सिंह और मारखम कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर काजल किरण ने महती भूमिका निभाई। चौपारण प्रखण्ड से मध्य विद्यालय सिंहपुर के शिक्षक उमेश सिंह, मध्य विद्यालय सेलहारा के शिक्षक विजय कुमार, मध्य विद्यालय पाण्डेयबारा शिक्षिका गीता प्रजापति, मध्य विद्यालय चौपारण की शिक्षिका प्रतिमा राज ने अपना टीएलएम की प्रस्तुति किया। विजय कुमार के सफलता पर बीईईओ राकेश कुमार, उमाकांत यादव, समस्त बीआरसी कर्मी, शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा, डॉ प्रदीप कुमार, जितेंद्र सिंह, राकेश कुमार, कमलेश कुमार कमल, सुरेन्द्र दास, सुबोध सिंह, शशिकांत शर्मा, बद्दी उजमा, रविन्द्र कुमार, मो कैसर आलम, बसन्त कुमार दास, सहित ।

## विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर टीबी रोग रोकथम को लेकर जागरूकता कार्याक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : पीरामल स्वास्थ्य के अनामाया गांधी फैलो– सृजानी, हेमलता, प्रतीक, दिव्य प्रकाश शुक्ल और तेजस्विनी परियोजना की किशोरियों के सहयोग से विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर टीबी रोग रोक. थम को लेकर एक जागरूकता रैली की गई। जिसमे ष्टीबी हारेगा देश जीतेगा का नारा लगाया गया।ष् और साथ ही साथ नुक्कड नाटक के माध्यम से समाज में टीबी(यक्ष्मा) से कैसे बचाव किया जा सकता है इसके विषय में जानकारी दी गई और बताया गया की जागरुकता से ही टीबी रोग पर नियंत्रण किया जा सकता है, टीबी रोग की जांच की सुविधा जिले के सभी प्रा. थमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एवं सदर अस्पताल में उपलब्ध है और अगर किसी व्यक्ति में टीबी लक्षण जैसे काफी दिनों से खासी हो, बुखार हो, वजन घट रहा हो तो तुरंत उसकी जांच कराएं और अंत में टीबी (यक्ष्मा) को लेके ग्राम वासियों के बीच में शपथ – ग्रहण कराया गया। इस मौके पर ग्राम की मुखिया रमली देवी, सहिया शान्ता देवी एवं तेजस्वनी परियोजना से रावली मिश्रा और गांधी फेलो रौशन कुमार उपस्थित थे।

## बुथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा की बैठक सभी पंचायतों में चल रही है

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में बुथ सशक्तिकरण को लेकर बैठक वृहद पैमाने पर सभी 11 पंचायतों में चल रहा है, जिसके तहत आज हरली एवं नापो पंचायत में बैठक किया गया। जिसमें कांग्रेस के पूर्व समर्थक एवं कार्यकर्ता हरली निवासी बालदेव राम भाजपा में मंडल अध्यक्ष के समक्ष शामिल हुए, जिन्हें माला पहनाकर एवं पट्टा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से हरली पंचायत मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य कौशल्या देवी, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, अशोक साव, विकास कुमार, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, पूर्व मुखिया महेंद्र महतो, मंडल उपाध्यक्ष किशोर राणा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सेवंती कुमारी, प्रोफेसर सुरेश महतो, सच्चिदानंद पांडे, दामोदर महतो, नागेंद्र महतो, मट्ठकधारी कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## खोड़ाहर : सरहुल महोत्सव में शामिल हुए उपमुखिया रोहित यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पूरे प्रदेश में आदिवासियों का महापर्व सरहुल बड़े धूम – धाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के पांचमाइल में भी सरहुल पर्व धूम – धाम से मनाया गया। पंचायत के उपमुखिया रोहित यादव भी शामिल हुए। उन्होंने कहा की आदिवासियों और प्रकृति के बीच सह – अस्तित्व एवं प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का त्योहार है। इस दिन आदिवासी समाज के लोग सरना स्थलों में पूजा अर्चना करते है। दुनिया के रचयिता सहित ग्राम देवता एवं प्रकृति की पूजा की जाती है।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मान्दर की थाप से गुंज उठा गारू प्रखंड,कोविड के बाद पहली बार धूमधाम से मनाया गया पर्व

**अपेम लाइव : लातेहार**
**उमेश यादव**



गारू/लातेहार : कोविड-19 के बाद पहली बार गारू प्रखंड में सरहुल धूमधाम से मनाया गया। सरना पूजा स्थल पर एक दिन पूर्व से ही आदिवासी समाज के लोगो ने हर्षोल्लास के साथ तैयारी करना शुरू कर दिया था। देवी मंडप में पूजा अर्चना के बाद मांदर के थाप पर थिरकते हुए कोयल नदी के किनारे सरना स्थल तक पहुँची। कार्यक्रम के संरक्षक मंगल उरांव,अध्यक्ष मोहन लाल उरांव, रामदेव उरांव, कार्यक्रम के सचिव सह मानस मणि दीप सेवा संस्थान से सुभाष कुमार सिंह, करवाई मुखिया सुनेश्वर सिंह, कांग्रेस नेता विमल कुजूर, मनोज उरांव का अहम् योगदान रहा। साथ ही प्रकृति के प्रति आभार जताते हुए क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य जीरा देवी को आमंत्रित किया गया। साथ ही सरना सरहुल पूजा समिति नें प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि को आमंत्रित किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, एसआई शाहिद अंसारी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य प्रवीण कुमार सिंह, उप प्रमुख रामदास यादव, बरखा कुमारी, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुमार, जोगेन्दर उरांव तथा अन्य जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शिरकत किए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों तथा अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सरना स्थल पर विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना के बाद लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रकृति के इस पर्व पर मुख्य अतिथि जीरा देवी नें संबोधित करते हुए समस्त प्रखंड वासियों को प्रकृति के इस महापर्व पर शुभकामनाएं दिया। इसके उपरांत आने अतिथि प्रवीण कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि जब वह एकीकृत बिहार में विधायक हुआ करते थे तब वह महुआडांड़ के रास्ते गारू आया करते थे। आदिवासी प्रकृति के पुजारक होते हैं इसलिए प्राकृतिक धरोहर को सम्हालकर रखने की जिम्मेवारी मी हम सब का ही है। अंत में नृत्य मंडली को पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया।

## धरती माता की जय,जय सरना, के उद्घोष से गूंजा महुआडांड़

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड/लातेहार : महुआडांड प्रखंड के फुलवार बगीचा से शुक्रवार को सरना समिति के बैनर तले प्रकृति पर्व सरहुल पर शोभायात्रा निकाली गई ।इससे पूर्व फुलवार बगीचा के पूजा स्थल पर कृष्णा बैगा, पारसनाथ, मुंदू और अरूण बैगा के द्वारा पूजा पाठ कराया गया।तत्पश्चात मांदर के थाप पर शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। फूल पत्तियों से अपने जूडो को सजाएं रंग बिरंगे पारंपरिक परिधानों में चल रही आदिवासी लड़किया व महिलाएं और पुरुष ढोल मांदर की थाप पर नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा बिरसा चौक पहुंची वही बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शास्त्री चौक स्थित महुआडांड़ बजरंग दल और विहिप के द्वारा शोभा यात्रा में आए लोगों के बीच चना व गुड़ बांटा गया। मुख्य सड़क होते शोभायात्रा पुनरू फुलवार बगीचा पहुंची। कार्यक्रम में मंच का संचालन समिति के सदस्य बिरजू नगेसिया ने किया। मुख्य अतिथि जन जातिया सुरक्षा मंच रांची जिला अध्यक्ष जगन्नाथ भगत, सदस्य मनोज भगत, शंकर बड़ाईक, चंपा भगत, पवन कुमार यादव समेत जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया, हिन्दू महासभा अध्यक्ष मनोज जायसवाल, ओरसा मुखिया, पुआनि संजय रतन, पंचायत सचिव भिखू प्रसाद को सरना समिति के अध्यक्ष छत्रपति बड़ाईक, सचिव अर्जन बड़ाईक, उपाध्यक्ष विजय नगेसिया, पुर्व अध्यक्ष अजय उरांव के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि जगन्नाथ भगत ने कहा सरहुल एक त्योहार मात्र नहीं है, बल्कि झारखंड के गौरवशाली प्रकृति के धरोहर का नाम है। यही धरोहर मानव-सभ्यता, संस्कृति एवं पर्यावरण का रीढ़ भी है। 36 गांव से आये नित्य टीमों का मंच पर प्रतियोगिता कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरना समिति के सदस्य और युवाओं का योगदान सराहनीय रहा। इस दौरान महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व में पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। चौक चौराहों में जिला पुलिस बल एवं आईआरबी के जवान तैनात थे।

## धूमधाम से मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : जिला मुख्यालय के आदिवासी वासाओड़ा में प्रकृति का पर्व सरहुल शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया ।सर्वप्रथम पाहन ने विधि विधान से पूजा अर्चना किया। पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रकृति के बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि प्रकृति न सिर्फ हमें जीवन देती है वरन हमारी रक्षा भी करती है ।ऐसे में हमारा दायित्व बन जाता है कि हम भी प्रकृति की रक्षा करें ।आज पूरा विश्व असतुलित पर्यावरण के कारण चिंतित है। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने प्रकृति को सहेज कर रखा है, हमे उसे आगे बढ़ाना है ।हमें प्रकृति का संरक्षण व संवर्द्धन करना है। उपायुक्त भोर सिंह यादव ने कहा कि आज पानी का स्त्रोत कम होता जा रहा है ।हम पानी का दोहन अधिक कर रहे हैं ।इसे रोकना होगा ।वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार ने महुआ चुनने के लिए पेड़ों के नीचे आग नहीं लगाने की अपील की ।उन्होने कहा कि आग लगाने से आग जंगलों में फैलता है ।इससे जलावन व इमारती पेड़ पौधे नष्ट होते हैं ।उन्होने सरहुल के मौके पर महुआ चुनने के लिए पेड़ों में आग नहीं लगाने की अपील की ।कहा कि जब जंगल नहीं होगें तो सरहुल कैसे मनायेगें ।इससे पहले सरना समिति के सचिव बिरसा मुंडा ने अतिथियों का स्वागत किया ।मंच का संचालन कोषाध्यक्ष रंथु उरांव व धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष हरदयाल भगत ने किया ।मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, जिप सदस्य विनोद उरांव, रिंकू कच्छप, साजन कुमार, सुरेंद्र उरांव, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, उत्पाद अधीक्षक प्रदीप कुमार सिन्हा, डॉ बाखला, मुखिया सुनीता देवी, प्रवेश उरांव व रामजीत उरांव आदि उपस्थित थे।

## जगतारणपुर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : सदर प्रखंड के जालिम खुर्द जगतारणपुर में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए भूमि पूजन कर झंडा की स्थापना के बाद कलश यात्रा निकालकर पूरे गाँव मे भ्रमण किया गया। चौतनवरात्र का अनुष्ठान पूरे वैदिक मंत्रों और सनातन विधि विधान के साथ शुभारंभ हुआ। महायज्ञ मुख्य जजमान भूमि पूजन में शत्रुघ्न प्रसाद पत्नी सुषमा देवी व कुन्दन प्रसाद पत्नी रीता देवी और नंदलाल प्रसाद रहे । अनुष्ठान में वृंदावन से आए परम पूज्य 108 का प्रवचन सदानंद रामानुज श्री वैष्णव जी महाराज का रामायण भागवत कथा से लोगों में धार्मिक चेतना का संचार होगा ।वही मुख्य जजमान शत्रुघ्न प्रसाद ने बताया कि आयोजन कर हम अपने गांव में अध्यात्म जागरण सद्विचार संस्कार लोगों में राष्ट्रभक्ति की चेतना लोगों में जगा रहे हैं.घनश्याम प्रसाद ने कहा कि इस आयोजन से पूरे गांव के लोगों के सहयोग से संपन्न हो रही है. नवरात्र का पर्व चल रहा है गांव के लोग साधना में लीन है.निरंजन प्रसाद ने कहा कि हमारे धर्म ग्रंथ पढ़ने से समाज को नई दिशा मिलती हैं .हर समस्या हर परिस्थिति का सामना करने का सामर्थ हमारे सनातन धर्म है.इस यज्ञ कार्यक्रम में ग्राम जालिम खुर्द जगतारणपुर के मुखिया सुनीता देवी और विनोद उरांव के साथ ग्रामीण राहुल कुमार, नागेंद्र कुमार, आशीष कुमार ,कपिल कुमार ,राम कुमार, प्रमोद प्रसाद,रामकृत सिंह, कंचन प्रसाद, प्रदीप प्रसाद ,संदीप प्रसाद ,छोटु प्रसाद, अनुज प्रसाद ,नीरज प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मुखिया संघ अध्यक्ष ने किया प्रवचन मंच का उदघाटन

### प्रवचन में बताये बातों को जीवन मे आत्मसात करे : बिरेन्द्र रजक

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



बच्छई पंचायत के मलिकाना में आयोजित वार्षिकोत्सव सह नव दिवसीय महायज्ञ के दूसरे दिन के प्रवचन संध्या का स्थानीय मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि सीताराम साहू आदि ने किया उदघाटन। कार्यक्रम का संचालन यज्ञ समिति सचिव शंकर दयाल साव ने किया। इससे पूर्व मुख्यपूजारी सह यज्ञ समिति के अध्यक्ष बिनोद साव, कोषाध्यक्ष कृष्णा यादव, जन सेवा परिषद सचिव रामलाल साव, समिति संरक्षक योगेंद्र यादव आदि ने अतिथियो को श्रीराम का पट्टा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सबोधित करते हुए बिरेन्द्र रजक ने कहा की प्रवचन में बताए बातों को जीवन मे आत्मसात करने की जरूरत है, आपका जीवन सफल व सुखमय होगा ! श्री रजक ने कहा कि लगातार दूसरे वर्ष भी मलिकाना ग्रामीणों में भगवान के भक्ति के प्रति उत्सव है। सहदेव प्रसाद यादव ने कहा कि पूरा मलिकाना सहित आसपास के गाँव मे भक्तिमय माहौल है । श्री रामलाल साव ने कहा कि पूरे ग्रामीणों के सहयोग से यज्ञ का सफल आयोजन किया जा रहा है। मौके पर विवेकानंद विवेक, जगरनाथ साव, अंगद यादव, मनोज कुमार, महाबीर साव, मिथलेश ठाकुर, संजय साव, ईश्वर साव, मुकेश साव, जितेंद्र साव, सीकेन्द्र रजक, मंटू साव, सरयू यादव, जानकी यादव, सरयू साव सहित सैकड़ों भक्तजन।

## चंदवारा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न भाई चारे के साथ मनाएं रामनवमी,असामाजिक तत्व पर रहेगी प्रशासन की पैनी नजर

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



कोडरमा चंदवारा थाना परिसर में रामनवमी पूजा को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई की गई जिनमें प्रखंड अंतर्गत सभी अखाड़ा कमेटियों एवं प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया गया सभी अखाड़ा कमेटियों से बारी बारी से पूछ कर उनके रूट मैं हो रहे समस्याओं को जाना तथा सुचारु रूप से जुलूस में कोई भी समस्या ना हो उसके ऊपर विचार विमर्श किया गया एवं सभी अखाड़ा कमेटियों से व०लिंटियरओ का सूची माँगा गया जो मुख्य रूप में अपने अखाड़ा कमेटी का संरक्षण करेंगे वैसे असामाजिक तत्व जो जुलूस में शरारत करने का प्रयास करेंगे प्रशासन द्वारा पूर्व में ही सचेत किया गया है तथा उन लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी बैठक का संचालन थाना कर्मी रंजीत कुमार राणा इस मौके पर मुख्य रूप से मायका अंचल निरीक्षक अजय कुमार सिंह चंदवारा थाना प्रभारी नीतीश कुमार अंचल पदाधिकारी राम रतन बरनवाल प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव प्रखंड प्रमुख मंजू देवी जिला परिषद प्रतिनिधि लक्ष्मण प्रसाद यादव प्रमुख प्रतिनिधि विजय यादव विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा बीस सूत्री अध्यक्ष अज्जू सिंह थाम मुखिया पुष्पा देवी सांसद प्रतिनिधि चंद्रभूषण युवा नेता कृष्णा यादव, साव ,धीरज कुमार , द्वारिका प्रसाद राणा , अनूप सोनी, दिलीप राणा ,शंकर पांडे ,प्रमोद सोनी ,व सैकड़ों की संख्या में समाजसेवी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बड़कागांव रामनवमी महासमिति का किया गया विस्तार कमेटी गठित, शिबू एवं गौतम उपाध्यक्ष बनाए गए

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में बैठक रामनवमी महासमिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बड़कागांव रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बिंदु दांगी एवं संचालन बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर के द्वारा किया गया। बैठक में बड़कागांव मुख्यालय के सभी 12 अखाड़े के पदा. धिकारी लोग शामिल हुए। सर्वसम्मति से रामनवमी शांतिपूर्वक संपन्न कराने पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान महासमिति को संचालन के लिए अध्यक्ष बिंदु दांगी ने कमेटी का विस्तार किया जिसमें मुख्य रुप से विशाल ठाकुर को सचिव तथा शिबू मेहता एवं गौतम वर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा उपसचिव निरंजन सोनी, रितेश दांगी ,कोषाध्यक्ष शशि कुमार तुरी को, संगठन मंत्री लक्ष्मण विश्वकर्मा,व राजकिशोर राणा, संयोजक शंकर मेहता एंव डॉ धनेश्वर मेहता, मिडिया प्रभारी रितेश ठाकुर को बनाया गया है। इनके अलावा मुख्य संरक्षक बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, संरक्षक में बड़कागांव मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, चंदनपुरी, पुर्व मुखिया विशनु रजक, लालमणि महतो, राजेश गुप्ता,चंदन सिंह,संदीप कुशवाहा, पिंटु गुप्ता,सहेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार, सतीश कुमार, आदि पदाधिकारीयों का चयन किया गया।

## रमजान शुरू बड़कागांव के दर्जनों नन्हे रोजेदार रोजा रखा

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : जुम्मा के दिन से मुस्लिम धर्मावलंबियों की रमजान शुरू हो गया है। प्रखंड के हजारों मुस्लिम धर्मावलंबियों रोजेदारों ने पहले दिन रोजा रखा। लोगों ने गुरुवार को चांद नजर आते ही सोशल मीडिया के जरिए एक दूसरे को रमजान की बधाई दी।क्षेत्र के कई गांव के मस्जिदों में तरावीह की नमाज भी शुरू हो गई है। जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल होकर तराबीह की नमाज अदा कर रहे हैं। खुदा से प्रेम और इबादत की कोई उम्र नहीं होती।. रमजान के इस पवित्र महीने में रोजेदार रोजा रखकर खुदा की इबादत कर रहे हैं।इसमें बड़े बुजुर्गो नौजवानों व नन्हे बच्चों के साथ साथ नन्हे बच्चियां भी पीछे नहीं है।खासकर ऐसे नन्हे बच्चियां काफी उत्साहित है जो अपने जीवन में पहली बार रोजा रख रहे हैं।रोजा रख रहे 8 वर्षीय अदीबा शमशेर , पाकीजा प्रवीण , इशरत जहां , सनाया प्रवीण ने संयुक्त रूप से कहा कि घर में बड़ों को रोजा रखते देख रोजा रखना शुरू किया है। 8 वर्षीय अदीबा ने कहा कि रोजा रखकर उसे काफी खुशी महसूस हो रही है। साथ ही अल्लाह का इबादत का अलग से सुकून मिलता है।प्रखंड में मुख्य रूप से निम्न गांव के लोग रोजा रख रहे हैं।मुख्य रूप से बड़कागांव ,महूदी , चोपदार बलिया, गोसाई बलिया, बादम , रुददी , हाहे, महुंगाई , चंदौल , चेपा खुर्द, डाड़ीकला , सिंदुवारी, सिरमा, छ्वनिया, सिकरी, मिर्जापुर , कनोदा , नापोखुर्द, पिपराडीह, भगवानबागी एवं गुरु चट्टी आदि गांव के लोग रोजा रख कर इबादत कर रहे हैं।नन्हे बच्चियां रोजा रखने वालों में मुख्य रूप से अदीबा शमशेर , पाकीजा प्रवीण, इशरत जहां, सनाया प्रवीण , शगुफा परवीन , सिमरन प्रवीन, सायका परवीन एवं सना नाज सहित क्षेत्र के दर्जनों नन्हे बच्चियां रोजा रख रहें हैं।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## विष्णुगढ़ में सरहुल को लेकर कई जगहों पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन

### सरहुल में ढ़ोल मांदर की थाप पर थिरक उठा आदिवासी समाज





**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

प्रखंड के कुसुम्भा पंचायत में शुक्रवार को झारखंड आदिवासी संताल समिति द्वारा प्रकृति पर्व बाहा (सरहुल) धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जाहेरथान तथा मांझी थान में नायके धनीराम हेम्ब्रम ने पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की। काशीटांड़ में दोपहर बाद सरहुल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समिति अध्यक्ष मेहीलाल मरांडी तथा संचालन गणेश हांसदा ने किया। कार्यक्रम में अलखरी कला, डूमरडीहा, चोराढाब, उखरबार, जंबुआ, काशीटांड़, हेठली मुरगांव समेत कई आदिवासी गांवों के लोग सामूहिक रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ संजय कोंगारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि आदिवासी सेंगेल अभियान के प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने कहा कि आज आदिवासी पूरे देश में प्रकृति पूजा बाहा पर्व धूमधाम से मना रहे हैं। फागुन मास में पेड़ पौधों में नए फूल–फल, पत्ते उगने पर हम अपने ईष्ट देवता मरांगबुरू और जाहेर आयो के समक्ष प्रस्तुत कर पूरे देश, दुनिया और समाज के लिए सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सरकार से सरना धर्म कोड, संथाली को झारखंड की प्रथम राजभाषा का दर्जा देने, मरांगबुरू को आदिवासी धर्मस्थल घोषित करने आदि की मांग की। काशीटांड़ के अलावा प्रखंड के नरकी तथा कोनार डैम में भी सरहुल को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सेंगेल सरना धर्म मंडवा प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार मुर्मू, बोकारो जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता सोरेन, हजारीबाग जिलाध्यक्ष बाहाराम हांसदा, सेंगेल सरना धर्म मंडवा हजारीबाग जिला अध्यक्ष बाहाराम मार्डी, कुसुम्भा मुखिया दुलारचंद पटेल, गंगाधर महतो, पूर्व पंसस चुनुलाल सोरेन, मेहीलाल मरांडी, सचिव संझूल हांसदा, राजाराम बेसरा, उपेन्द्र हेम्ब्रम, रोहितलाल मरांडी, बाबूचंद हेम्ब्रम, सुरेश मुर्मू समेत पंचायत से कई महिला पुरुष शामिल हुए।

## सरहुल पर्व का उदघाटन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चेचकप्पी के लाल मैदान खैरियो में आदिवासी समाज व झारखंडी लोगो का बड़ा पर्व सरहुल पूजा समारोह का उद्घाटन मुखिया रीता देवी, पंचायत समिति सदस्य सुरजमुनी देवी, उप मुखिया ममता देवी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मो0 कुदुश अंसारी एवं महेश मुर्मू ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर किया। ज्ञात हो पर्व को लेकर आदिवासी समाज मे बेहद धूमधाम से मनाते है इस खाश मौके पर मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, शिबू मांझी, राजाराम मांझी, वार्ड सदस्य बाबूलाल मांझी, बाबूराम मरांडी, संजय हांसदा, मैनो देवी, अर्जुन मुर्मू, सहदेव मरांडी, राजू मुर्मू, मेराज खान, गणेश मुर्मू, महादेव मांझी, रामसहाय मांझी, बाबूराम मांझी, दिलीप हांसदा, धनी टुड्डू, दिलीप हांसदा समेत बड़ी संख्या में लोग प्राकृतिक पर्व सरहुल में उपस्थित थे।




## बड़कागांव रामनवमी महासमिति का एक शिष्टमंडल, सीएम से मिले, दि निमंत्रण

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव रामनवमी महासमिति के द्वारा गठित एक पांच सदस्यीय शिष्टमंडल ने विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एंव संसदीय कार्य मंत्री सह ग्रामिण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मिलकर गेरुआ गमछा ओढ़ाकर कर सम्मानित किया एंव बड़कागांव आने के लिए निमंत्रण पत्र सौंपे। शिष्टमंडल में मुख्य रूप से बड़कागांव रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी,चंदन पुरी,गौतम वर्मा, जितेंद्र ठाकुर,एंव विक्रम ठाकुर शामिल रहे ।




